**बिहार सरकार**
**योजना एवं विकास विभाग**

का0आ0स0: यो0स्था04 / 2–29 / 2022 / यो0वि0, पटना, दिनांक मार्च, 2025

## कार्यालय आदेश

अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल–मुंगेर के पत्रांक–69 दिनांक 24.03.2025 द्वारा श्री पंकज कुमार, योजना सहायक, जिला योजना कार्यालय, मुंगेर सम्प्रति प्रतिनियुक्त स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल–मुंगेर के विरूद्ध प्रतिवेदित किया गया है कि श्री कुमार उनके कार्यालय में योगदान हेतु आवेदन समर्पित कर सक्षम प्राधिकार के बिना पूर्वानुमति के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित है, जिसके कारण कार्यालय का कार्य बाधित है।

उर्पयुक्त वर्णित परिपेक्ष्य में स्पष्ट है कि श्री कुमार का यह कृत्य अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, सरकारी दायित्व के निर्वहन में लापरवाही तथा अनुशासनहीनता का परिचायक है। साथ ही, यह बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली के नियम–3(1) का उल्लंघन है।

अतः श्री पंकज कुमार, योजना सहायक, जिला योजना कार्यालय, मुंगेर सम्प्रति प्रतिनियुक्त स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल–मुंगेर को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम–9 के तहत आदेश निर्गत की तिथि से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय, जिला योजना कार्यालय, किशनगंज में निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम–10 के तहत नियमानुसार जीवन यापन भत्ता निर्धारित मुख्यालय से देय होगा।

आदेश में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 / –
**(रविश किशोर)**
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः यो0स्था04 / 2–10 / 2025 / यो0वि0, पटना,दिनांक मार्च, 2025
प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / जिला पदाधिकारी, किशनगंज / मुंगेर / क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ / मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर / अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल–मुंगेर / जिला योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, किशनगंज / जिला कोषागार पदाधिकारी, किशनगंज / मुंगेर एवं श्री पंकज कुमार, योजना सहायक, जिला योजना कार्यालय, मुंगेर सम्प्रति प्रतिनियुक्त अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल–मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः यो0स्था04 / 2–29 / 2022 1789 / यो0वि0, पटना,दिनांक 27 मार्च, 2025
प्रतिलिपिः आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26.3.25
सरकार के संयुक्त सचिव

Letter- 25